b&U;t yVj ekg flrEcj 2019

Jh lrk"k ;kno] vkb0,0,l0] ukMy vf/kdkjh tuin gkiM }kjk uxj ikfydk ifjlj gkiM e ^^ vkij ,vj fte** dk fujh{k.k fd;k x;kA

uxj d ukxfjdk dk viu&viu ?kjk e uhyk o gjk MLchu j[ku gr lekpkj i= e dh x;h vihyA

सख्ती

डस्टबिन नहीं रखने वालों के घर से नहीं होगा कलेक्शन, एनजीटी के आदेशों की अवहेलना करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

अब कूड़ा उठवाने को घरों में रखना होगा नीला व हरा डस्टबिन

मुनीश शर्मा

हापुड़। लोगों को अपने घरों में नीले व हरे दो डस्टबिन रखना अनिवार्य होगा। अगले सप्ताह से नगर पालिका सफाईकर्मी नीले व हरे डस्टबिन में रखे कूड़े का ही कलेक्शन करेंगे। जिन घरों में डस्टबिन नहीं रखे होंगे, उनके घरों से कूड़ा कलेक्शन नहीं होगा और विभागीय कार्यवाही होगी।

शहर में कूड़े की समस्या और उसका निस्तारण पालिका टीम के लिए परेशानी बना हुआ है। कूड़े से निपटने के लिए नगर पालिका प्रयासरत है। अब नगर पालिका ने कूड़ा प्रबंधन की दिशा में नई कवायद शुरू कर दी है। कूड़ा कलेक्शन के लिए घरों में कूड़े की प्रकृति के आधार पर अलग-अलग तरह के दो डस्टबिन रखवाने के आदेश पारित किए हैं। अब घरों से सफाईकर्मी केवल नीले व हरे डस्टबिन में रखे कूड़े को ही कलेक्ट करेगा। नगर पालिका अफसरों की मानें तो अब लोगों को अपने घरों में सूखे व गीले कूड़े के आधार पर नीले व हरे दो डस्टबिन रखने होंगे। बिना नीले व हरे डस्टबिन में रखे कूड़े को सफाईकर्मी लेने से इन्कार कर देगा। इससे लोगों को कूड़ा सफाईकर्मी को देने में परेशानी होगी।

सफाई कर्मचारी कूड़ा लेने से कर सकते हैं मना

लोगों को घरों में नीले व रहे दो डस्टबिन रखने होंगे। इसमें रंग के अनुसार गीले व सूखे कूड़ा को डाला जाएगा। सफाईकर्मी गीले व सूखे कूड़े को ही कलेक्ट करेंगे। ऐसा नहीं होने पर सफाईकर्मी कूड़े को लेने से साफ इंकार कर देगा।

सूखा व गीला कूड़ा पहुंचेगा एमआरएफ सेंटर : घरों से गीला व सूखा कूड़ा कलेक्ट करने के बाद सफाईकर्मी कूड़े को सीधे एमआरएफ (मैटेरियल रिकवरी फैसेलिटी सेंटर) पहुंचाएंगे। यहां पर कूड़े का प्रबंधन किया जाएगा। इससे कूड़े का बेहतर तरीके से निस्तारण हो सकेगा।

एनजीटी के आदेशों की अवहेलना पड़ेगी भारी : एनजीटी कूड़ा प्रबंधन के लिए पूरी तरह से सख्त है। इस दिशा में भरसक प्रयास भी कर रही है। जिससे कूड़े का बेहतर तरीके से प्रबंधन हो सके। एनजीटी के आदेशानुसार घरों कूड़ा इस प्रकार कलेक्ट किया जाए जिससे उसके निस्तारण कराने में आसानी हो। यदि कोई एनजीटी के आदेशों की अवहेलना करता है उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई भी होना तय है।

हापुड़ नगर पालिका की रैंकिंग में आएगा सुधार : कूड़ा प्रबंधन की कवायद सफल रहने पर नगर पालिका स्वच्छ हो सकेगी। हर साल नगरों की स्वच्छ सर्वेक्षण सर्वे में भी बेहतर रैंकिंग आएगी। हापुड़ नगर पालिका स्वच्छ शहरों की कतार में शामिल हो सकेगा। हापुड़ नगर पालिका परिषद अन्य नगर पालिका के लिये भी आदर्श बन सकेगी।

मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश कुमार यादव ने बताया कि अगले सप्ताह से घरों से नीले व हरे डस्टबिन से ही कूड़ा कलेक्ट किया जाएगा। अन्यथा उन घरों से कूड़ा कलेक्ट नहीं कराया जाएगा। इससे गीले व सूखे कूड़े को अलग-अलग करने में आसानी होगी।

uxj d ukxfjdk dk ty lp;u ,o ty lxg.k dh tkudkjh grA

uxj e ty lp;u ,o ty lxg.k dh tuxk:drk jyh fudkyr Ldyh cPp o ikfydk d vf/kdkjh o depkjhA